**श्री संतोष उराँव, सभापति, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की अध्यक्षता में दिनांक-11.12.2024 (बुधवार) को समिति कार्यालय, रांची में संपन्न हुई कार्यकारिणी समिति की 68वीं बैठक की कार्यवाही :-**

01. **उपस्थिति** : उपस्थिति विवरणी अलग से संलग्न है।

| क्रम सं. | नाम | कार्यकारिणी समिति में धारित पद | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री संतोष उराँव, नेतरहाट विद्यालय के पूर्ववर्त्ती छात्र। | सभापति | उपस्थित |
| 2. | श्री अमित कुमार, (क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, निदेशालय, झारखण्ड में प्रतिनियुक्त) स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, रांची | सदस्य | उपस्थित |
| 3. | वित्त विभाग, के प्रतिनिधि (वित्त सचिव द्वारा मनोनीत सदस्य) वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची। | सदस्य | उपस्थित |
| 4. | डॉ. कामिनी कुमार (राष्ट्रीय स्तर के षिक्षाविद्) झारखण्ड, रांची। | सदस्य | उपस्थित |
| 5. | श्री संतोष कुमार, प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य सचिव | उपस्थित |

02. **कार्यसूची की मद संख्या-01** : दिनांक-24.06.2024 को संपन्न हुई कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की 67वीं बैठक की कार्यवाही को सर्वसम्मति से संपुष्टि प्रदान की गई।

03. **कार्यसूची की मद संख्या-02** : दिनांक-24.06.2024 को संपन्न हुई कार्यकारिणी समिति की 67वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के कृत अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत अनुपालन प्रतिवेदन की सर्वसम्मति से संपुष्टि प्रदान की गई।

04. **कार्यसूची की मद संख्या-03** : निदेशालयीय पत्रांक-13/ई.-06-02/2024/3089, दिनांक-22.11.2024 के निर्देश के आलोक में वित्तीय वर्ष, 2025-26 के लिए योजना एवं गैर-योजना के लिए सहायता अनुदान मद की प्राक्कलित बजट विहित प्रपत्र-03 में प्राचार्य सह-सदस्य सचिव द्वारा ससमय संचिका के माध्यम से अनुमोदन प्राप्त करते हुए प्रशासी विभाग



Santosh

को संप्रेषित की गई; समीक्षोपरांत प्राचार्य सह-सदस्य सचिव द्वारा समर्पित बजट की घटनोत्तर संपुष्टि प्रदान की गई।

05. **कार्यसूची की मद संख्या-04** : प्राचार्य सह-सदस्य सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को बताया गया कि श्री रंजन कुमार सिंह जिनकी नियुक्ति 26.03.2013 को नेतरहाट विद्यालय में कृषि शिक्षक के पद पर हुई थी, ने 05 वर्ष 03 माह की सेवा के उपरांत दिनांक-26.07.2018 को अन्यत्र योगदान हेतु स्वेच्छा से पदत्याग किये थे। प्राचार्य ने बताया कि श्री सिंह ने ग्रेच्युटी भुगतान हेतु अपना आवेदन दिया है। प्राप्त आवेदन एवं संचिका में अभिलिखित प्रस्ताव के आलोक में श्री रंजन कुमार सिंह के लंबित ग्रेच्युटी की राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

06. **कार्यसूची की मद संख्या-05** : शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या-02/2024 के संदर्भ में प्राप्त आवेदन के स्क्रूटनी हेतु स्क्रीनिंग समिति गठित की गई थी। प्राचार्य सह-सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि स्क्रीनिंग समिति की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। स्क्रीनिंग समिति की रिपोर्ट को सदस्यों के अवगतार्थ प्रस्तुत किया गया। समीक्षोपरांत प्राचार्य सह-सदस्य सचिव को निदेश हुआ कि प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार चयन की अगली प्रक्रिया अर्थात लिखित परीक्षा हेतु Shortlisted अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाय। परीक्षा का केन्द्र रांची में हो सके, इसके लिए प्राचार्य सह-सदस्य सचिव को आवश्यक प्रक्रियाओं के अनुपालन हेतु प्राधिकृत एवं निदेशित किया गया।

07. **कार्यसूची की मद संख्या-06** : प्राचार्य सह-सदस्य सचिव द्वारा सदस्यों को बताया गया कि नेतरहाट विद्यालय समिति की नियुक्ति, सेवा-शर्त तथा अनुशासन नियमावली-2011 के नियम-10 में तृतीय वर्गीय कर्मियों के प्रोन्नति संबंधी नियम सन्निहित है। नियमों के आलोक में कार्यरत कर्मियों को प्रोन्नति का लाभ मिल सके, इसके लिए विस्तृत समीक्षा एवं संबंधित बिन्दु पर प्रतिवेदन तैयार करने हेतु सर्वसम्मति से निम्नानुसार एक समिति गठित की गई :-

1. डॉ. कामिनी कुमार, सदस्य, कार्यकारिणी समिति, ने0वि0स0 - अध्यक्ष
2. श्री मुरलीधर कोटवार, सदस्य, सामान्य निकाय, ने0वि0स0 - सदस्य
3. श्री आशीष आलोक, सदस्य, सामान्य निकाय, ने0वि0स0 - सदस्य

समिति संबंधित बिन्दु पर समीक्षा करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट प्राचार्य सह-सदस्य सचिव को उपलब्ध करायेगी। समिति के रिपोर्ट के आधार पर ही एतद्विषयक अग्रेत्तर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

08. **कार्यसूची की मद संख्या-07** : समिति स्तर से नियुक्त शिक्षकों जिनकी 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण हो चुकी है, को वित्त विभाग, के अनुरूप संशोधित वृत्ति उन्नयन योजना



Santosh

(MACP) का अनुलाभ प्रदान किये जाने हेतु एक तीन सदस्यीय समिति गठित की गई थी। गठित समिति में सदस्य ने.वि.स. का डॉ. उपेन्द्र प्रसाद, पूर्व शिक्षक, ने0आ0वि0 को अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया था, परंतु (श्री प्रसाद, सदस्य ने.वि.स. से त्यागपत्र दिये जाने की स्थिति में संबंधित संचिका में प्राचार्य सह-सदस्य द्वारा समर्पित प्रस्ताव के अद्योपरांत पूर्व गठित समिति के सदस्यों को सम्मलित करते हुए एक चार सदस्यीय समिति गठित की गई थी; जिसके संदर्भ में प्राचार्य कार्यालय आदेशांक-2642, दिनांक-26.11.2024 के माध्यम से आदेश निर्गत किया गया। सर्वप्रथम पुर्नगठित समिति की सर्वसम्मति से घटनोतर संपुष्टि प्रदान की गई। पुर्नगठित समिति के अध्यक्ष डॉ0 कामिनी कुमार (सदस्य का ने.वि.स.) के द्वारा बताया गया कि संबंधित योजना का लाभ दिये जाने हेतु दिनांक-07.12.2024 को समिति की एक बैठक आहूत की गई थी। समस्त बिन्दुओं के अवलोकनोपरांत एक रिपोर्ट तैयार की गई है। रिपोर्ट को गोपनीय रूप से प्राचार्य सह-सदस्य सचिव को उपलब्ध कराया गया। तद्नुसार प्राचार्य सह-सदस्य सचिव को निदेश हुआ कि समिति के रिपोर्ट के आधार पर ही अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

09. **कार्यसूची की मद संख्या-08** : कार्यापालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, लातेहार के कार्यालय पत्रांक-945, दिनांक-07.08.2024 एवं कार्यालय पत्रांक-1107, दिनांक-11.09.2024 के द्वारा विद्यालय के अतिथिगृह एवं बंगला संख्या-4 के विस्तृत जीर्णोद्धार हेतु प्राक्कलन तकनीकी स्वीकृति के साथ उपलब्ध कराई गई थी। तद्नुसार उक्त दोनों योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा प्रदान की गई।

10. **कार्यसूची की मद संख्या-09** : विद्यालय के सभी संचालित 21 आश्रमों के रंग-रोगन, पेंट -पुटी इत्यादि हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, लातेहार द्वारा कार्यालय पत्रांक-1003/अनु./लातेहार, दिनांक-23.08.2024 के माध्यम से एक विस्तृत प्राक्कलन तकनीकी स्वीकृति के साथ उपलब्ध कराई गई। तद्नुसार उक्त तकनीकी स्वीकृत योजना की प्रशासनिक स्वीकृति कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा प्रदान की गई।

11. **कार्यसूची की मद संख्या-10** : विद्यालय के प्रेक्षागृह के फाल्स सीलिंग, छत मरम्मति , पेंट, पुट्ठी इत्यादि हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल लातेहार के द्वारा कार्यालय पत्रांक-876, दिनांक-26.07.2024 के माध्यम से विस्तृत प्राक्कलन तकनीकी स्वीकृति के साथ उपलब्ध कराई गई। उक्त तकनीकी स्वीकृति की प्रशासनिक स्वीकृति कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा प्रदान की गई।



Santosh

12. **कार्यसूची की मद संख्या-11** : प्राचार्य सह-सदस्य सचिव, ने.वि.स. द्वारा सदस्यों को बताया गया कि विद्यालय में कतिपय आवश्यक कार्यो के कार्यान्वयन हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, लातेहार को अनुरोध किया गया था। प्रेषित अनुरोध के आलोक में कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्यालय पत्रांक-1271/अनु0/लातेहार, दिनांक-11.10. 2024 के माध्यम से कुल 08 योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है। उपरांकित योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा प्रदान की गई।

13. **कार्यसूची की मद संख्या-12** : प्राचार्य सह-सदस्य सचिव, ने.वि.स. द्वारा सदस्यों को बताया गया कि नेतरहाट में दो स्थानों पर विद्यालय रिक्त भूमि चिन्हित की गई है। संबंधित भूमि का आरेखित नक्शा सदस्यों के अवगतार्थ प्रस्तुत किया गया। सदस्यों का यह सम्यक विचार हुआ कि संबंधित भूमि अतिक्रमित न हो इसके लिए यथाशीघ्र इसका घेराबंदी करवाया जाय। प्राचार्य सह-सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि संबंधित भूमि को बारवेड तार से घेरा कर गेट लगवाते हुए उसमें फलदार वृक्ष लगवाई जा सकती है। एतदर्थ बिन्दु पर समुचित कार्रवाई हेतु प्राचार्य सह-सदस्य सचिव को प्राधिकृत किया गया।

14. **कार्यसूची की मद संख्या-13** : इस वर्ष 15 नवंबर, 2024 को नेतरहाट आवासीय विद्यालय अपना 71वाँ स्थापना दिवस समारोह प्लेटिनम जुबली के रूप में मनाया, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के संस्थापक सदस्य श्री एफ.जी.पियर्स के पुत्र श्री विक्रम पियर्स (शिक्षाविद्) उपस्थित हुए साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉ. एस.एन. पाठक सम्मलित हुए। समारोह में देश-विदेश से कई पूर्ववर्ती छात्र, पूर्व शिक्षक, अभिभावकगण उपस्थित हुए थे। उक्त आयोजन में साज-सजावट, खान-पान, अतिथियों के आवासन, संगीत विभाग में आवश्यक वाद्य यंत्रों का क्रय किया गया। सर्वसम्मति से संबंधित मदों में किये गये व्ययों की संपुष्टि प्रदान की गई।

15. **कार्यसूची की मद संख्या-14** : प्राचार्य सह-सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि विद्यालय में कुछेक संविदा कर्मी अपनी नियमित सेवा के लिए झारखण्ड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर किये थे। माननीय उच्च न्यायालय का न्यायादेश प्राप्त है। न्यायादेश को सदस्यों के अवगतार्थ प्रस्तुत किया गया। तद्नुसार सदस्यों का अभिमत रहा कि इस संबंध में विद्यालय के अधिवक्ता से विधिक परामर्श प्राप्त कर लिया जाय। विधिक परामर्श प्राप्त होने के उपरांत इसकी विस्तृत समीक्षा एवं प्रतिवेदन हेतु एक समिति गठित की जाय। सम्यक विचारोपरांत निम्नानुसार एक समिति गठित किये जाने का निर्णय लिया गया :-

Santosh

1. डॉ. कामिनी कुमार, सदस्य, कार्यकारिणी समिति, ने0वि0स0 – अध्यक्ष
2. श्री मुरलीधर कोटवार, सदस्य, सामान्य निकाय, ने0वि0स0 – सदस्य
3. श्री आशीष आलोक, सदस्य, सामान्य निकाय, ने0वि0स0 – सदस्य

समिति विधिक परामर्श का अध्ययन कर एक विस्तृत रिपोर्ट प्राचार्य सह–सदस्य सचिव को उपलब्ध करायेगी; तत्पश्चात ही इस संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

**सभी उपस्थित सदस्यों के परस्पर सहमति से निम्न अन्य आवश्यक विषयों पर निर्णय लिया गया :–**

**16. <u>अन्यान्य</u> –**

**16.(i)** विद्यालय में तृतीय वर्गीय कर्मियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व में प्राप्त रोस्टर क्लीयरेंस, प्रकाशित विज्ञापन एवं रद्द किये गये विज्ञापन के विस्तृत अवलोकन एवं समीक्षा हेतु एक समिति निम्नानुसार गठित किये जाने का निर्णय लिया गया :–

1. डॉ. कामिनी कुमार, सदस्य, कार्यकारिणी समिति, ने0वि0स0 – अध्यक्ष
2. श्री मुरलीधर कोटवार, सदस्य, सामान्य निकाय, ने0वि0स0 – सदस्य
3. श्री आशीष आलोक, सदस्य, सामान्य निकाय, ने0वि0स0 – सदस्य

समिति सभी बिंदुओं का विस्तृत अध्ययन कर एक प्रतिवेदन प्राचार्य सह–सदस्य सचिव को उपलब्ध करायेगी। समिति के रिपोर्ट के आधार पर ही नियुक्ति हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी।

**16.(ii)** विद्यालय के लंबित कानूनी/विधिक कार्यों के निष्पादन हेतु झारखण्ड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री राजेश लाला की सेवा लिए जाने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य सह–सदस्य सचिव को निर्देश हुआ कि श्री राजेश लाला को संबंधित कार्य हेतु अनुबंध पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

**16.(iii)** प्राचार्य सह–सदस्य सचिव द्वारा सदस्यों को बताया गया कि संप्रति विद्यालय के मुख्य भवन एवं कक्षावर्गों का जीर्णोद्धार कार्य भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, लातेहार के स्तर से क्रियान्वित किये जा रहे हैं। भवन निर्माण विभाग के अधीन कार्यों की अधिकता एवं संबंधित पदाधिकारियों का लातेहार से नेतरहाट में कई बार निर्धारित समयावधि में अनुश्रवण एवं निरीक्षण नहीं हो पाता है, जिसके कारण तकनीकी बिन्दुओं/विषयों का पता लगाना संभव नहीं होता है। अतएव, उक्त समस्याओं को दृष्टिपथ रखते हुए सुचारू कार्य एवं समुचित अनुश्रवण हेतु एक सेवा–निवृत्त सिविल अभियंता को अस्थायी तौर पर रखा गया है, ताकि कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित न हो। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि विहित प्रक्रियाओं के तहत विगत तीन माह से अभियंता की सेवा ली जा रही है। सम्यक विचारोपरांत एतदर्थ की संपुष्टि सर्वसम्मति से प्रदान की गई।

Santosh

16.(iv) माननीय सभापति एवं सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा प्राचार्य सह-सदस्य सचिव को निर्देश हुआ कि पूर्व के जिन शिक्षकों एवं कर्मियों का वेतन अथवा ग्रेच्युटी लंबित है एवं जिनके संबंध में कोई विशिष्ट आपत्ति न हो उनकी देयता का आकलन करते हुए ससमय राशि भुगतान करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

16.(v) नेतरहाट में सरकारी पेयजलापूर्ति की वर्तमान स्थिति असंतोषप्रद दीख पड़ने के कारण प्राचार्य सह-सदस्य सचिव के अनुरोध पर 02 बोरिंग कराये जाने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य को निर्देश हुआ कि इस निमित्त स्थान चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

**सभी सदस्यों की सहमति से बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

Santosh 16-12-2024

(संतोष उराँव)
सभापति
कार्यकारिणी समिति
नेतरहाट विद्यालय समिति
नेतरहाट

# नेतरहाट विद्यालय समिति

(एम.डी.आई.भवन परिसर,एच.ई.सी.,धुर्वा,रांची–834004)

(स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)


**नेतरहाट विद्यालय समिति, कार्यकारिणी समिति की, दिनांक–11.12.2024 (बुधवार) को आहूत 68वीं बैठक की उपस्थिति :–**

उपस्थिति :–

| क्र० | नाम | कार्यकारिणी समिति में धारित पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री संतोष उराँव, पूर्ववर्त्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सभापति | 11-12-2024 |
| 2. | श्री अमित कुमार, (क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, झारखण्ड में प्रतिनियुक्त) स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची। | सदस्य | 11.12.2024 |
| 3. | वित्त विभाग, के प्रतिनिधि (वित्त सचिव द्वारा मनोनीत), वित्त विभाग, झारखण्ड, रांची। | सदस्य | 11/12/2024 |
| 4. | डॉ. कामिनी कुमार, (राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद्), झारखण्ड, राँची। | सदस्य | Kamini Kumar 11. 12. 2024 |
| 5. | श्री संतोष कुमार, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य सचिव | 11/12/24 |